डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक – CoE/28/2025
दिनांक – 27/01/2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध स्ववित्तपोषित महाविद्यालय
डॉ0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय
आगरा।

महोदय / महोदया,

कृपया अवगत कराना है कि परीक्षा समिति की बैठक दिनांक–13.05.2024 लिये गये निर्णय के अनुपालन में निर्गत कार्यालय ज्ञाप सं0 COE/223/2024 दिनांक 17/05/2024 के क्रम में मद सं0 6 के अनुसार स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाओं में आन्तरिक परीक्षक सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अनुमोदित, कार्यरत/शिक्षक रहेगा, बाहय परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नामित किया जायेगा।

अतः आन्तरिक परीक्षक के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय से महाविद्यालय में B.Sc Ag./M.Sc Ag. के अनुमोदित प्राचार्य/शिक्षक के सम्बन्ध में निम्नलिखित अभिलेख विश्वविद्यालय कम्प्यूटर केन्द्र पर दिनांक 30/01/2025 तक जमा कराने का कष्ट करें। अन्यथा की स्थिति में आन्तरिक परीक्षक भी विश्वविद्यालय द्वारा नामित किया जायेगा।

1. विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य/प्राचार्या।
2. विश्वविद्यालय से अनुमोदित विषयवार शिक्षक।
3. नियुक्ति पत्र/ज्योयिनिंग लेटर।
4. विगत पाँच वर्ष के वेतन निर्गत का बैंक स्टेटमेंन्ट।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समन्वयक, प्रयोगात्मक परीक्षा।
2. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय।
3. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय।
4. प्रभारी, कुलपति सचिवालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. प्रभारी वेबसाइट को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. एजेन्सी–2023 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय के लॉगिन आई0डी0 पर आज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें।
7. गार्ड फाईल।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner